Regarding establishment of Kendriya Vidyalayas and Jawahar Navodaya Vidyalayas in Sabarkantha Parliamentary Constituency

श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया **(साबरकांठा) :** सभापति जी, आपने मुझे पहली बार अपनी बात सदन में रखने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपकी बहुत आभारी हूं । मैं प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का भी धन्यवाद करना चाहती हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास करके मुझे अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए यहां चुनकर भेजा है । आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में आज देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है । उनका नारा ?सबका साथ, सबका विश्ववास, सबका विकास और सबका प्रयास? है और यह नारा भारतीय वर्ग को राष्ट्रीय सेवा के लिए प्रेरित करता है । आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज महाराष्ट्र में भी भारी बहुमत से हमारी एनडीए और भाजपा की सरकार चुनी गई है । मैं खास कर युवा वर्ग और महिलाओं का धन्यवाद करना चाहती हूं कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विश्वास करके भारी बहुमत दिया है ।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से शिक्षा मंत्री जी का ध्यान गुजरात के साबरकांठा लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत अरवल्ली जिले के शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों की ओर आकर्षित करना चाहती हूं । इन जिलों में बड़ी संख्या में जनजातियां निवास करती हैं जिनमें अनुसूचित जाति के बच्चों की संख्या अधिक है । मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहती हूं कि अरवल्ली जिले के मोडासा में मंजूर किया हुआ केंद्रीय विद्यालय अभी तक शुरू नहीं हुआ है । मेरा मंत्री जी से आग्रह है कि मंजूर किए हुए विद्यालय को जल्द से जल्द शुरू करने की कृपा करें ताकि बच्चों को लाभ मिल सके ।

महोदय, मेरे क्षेत्र में पीएम श्री के लिए भूमि उपलब्ध है, इसलिए मैं पीएम श्री स्कूल की मांग कर रही हूं । आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं और साबरकांठा और अरवल्ली की जनता का भी बहुत-बहुत धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मुझे चुनकर यहां अपनी बात रखने के लिए भेजा है ।